**भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम)**
**मानव संसाधन (हीप), रानीपुर, हरिद्वार- 249403 (उत्तराखण्ड)**

**संदर्भ सं. मा. सं. / भर्ती / ग्रेजु.-टेक्नी. अप्रेंटिस /52** **दिनांक : 23.12.2022**

# परिपत्र

## विषय: बी.एच.ई.एल. हरिद्वार में ग्रेजुएट एवं टेक्नीशियन अप्रेंटिसशिप हेतु आवेदन सम्बंधी विवरण

बी.एच.ई.एल. हरिद्वार में निम्नलिखित संकाय (Branches) में ग्रेजुएट (B.Tech. / B.E. Holder) एवं डिप्लोमाधारी (Diploma Holder) अभ्यर्थियों से ग्रेजुएट तथा टेक्नीशियन अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं । केवल वे अभ्यर्थी ही इस अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण के पात्र होंगे, जिन्होने ग्रेजुएशन या डिप्लोमा उत्तीर्ण करने के पश्चात एक वर्ष या इससे अधिक नौकरी नहीं किया है तथा न ही अप्रेंटिसशिप अधिनियम 1961 व उसमें समय-समय पर संशोधन के तहत कहीं से अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण प्राप्त किया है । साथ ही अभ्यर्थी किसी पाठ्यक्रम हेतु कोई नियमित कोर्स न कर रहा हो ।

<table>
<tr><th rowspan="2">क्र. सं.</th><th rowspan="2">संकाय (Branch)</th><th colspan="2">रिक्तियों की संख्या</th><th rowspan="2">न्यूनतम योग्यता</th></tr>
<tr><th>ग्रेजुएट अप्रेंटिस</th><th>टेक्नीशियन अप्रेंटिस</th></tr>
<tr><td>1</td><td>मैकेनिकल/प्रोडक्शन /इण्डस्ट्रियल</td><td>17</td><td>10</td><td rowspan="5">❖ ग्रेजुएट अप्रेंटिसशिप हेतु :<br>मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित ब्रांच में नियमित अभ्यर्थी के रूप में मई 2020 या इसके बाद सामान्य/ईडब्ल्यूएस/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) श्रेणी के अभ्यर्थी न्यूनतम 65% अंकों के साथ तथा अनु. जाति/अनु. जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थी न्यूनतम 60% अंकों के साथ ग्रेजुएशन (B.Tech./B.E.) उत्तीर्ण ।<br><br>❖ टेक्नीशियन अप्रेंटिसशिप हेतु :<br>मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित ब्रांच में नियमित अभ्यर्थी के रूप में मई 2020 या इसके बाद सामान्य/ईडब्ल्यूएस/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) श्रेणी के अभ्यर्थी न्यूनतम 65% अंकों के साथ तथा अनु. जाति/अनु. जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थी न्यूनतम 60% अंकों के साथ डिप्लोमा (Diploma) उत्तीर्ण ।</td></tr>
<tr><td>2</td><td>इलेक्ट्रिकल</td><td>5</td><td>3</td></tr>
<tr><td>3</td><td>इलेक्ट्रॉनिक्स</td><td>2</td><td>1</td></tr>
<tr><td>4</td><td>मॉडर्न ऑफिस प्रैक्टिस मैनेजमेन्ट</td><td>0</td><td>2</td></tr>
<tr><td colspan="2">कुल सीट</td><td>24</td><td>16</td></tr>
</table>

नोट: उपर्युक्त रिक्तियों की संख्या अनुमानित है तथा अंतिम आकलन के आधार पर इनमें परिवर्तन भी संभव है ।

**आयु सीमा (01.02.2023 के अनुसार):** सभी वर्गों के लिए न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष है । सामान्य / ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु 27 वर्ष, अन्य पिछडा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) के लिए 30 वर्ष तथा अनु. जाति/अनु. जनजाति के लिए 32 वर्ष है । दिव्यांग अभ्यर्थियों (न्यूनतम 40% शारीरिक अक्षमता के साथ) को उनके सम्बंधित वर्ग में 10 वर्षों की अतिरिक्त छूट का प्रावधान है ।

**वृतिका :** ग्रेजुएट अप्रेंटिस को एक वर्ष के लिए सामेकित वृतिका (Stipend) ₹ 9000/- प्रति माह तथा टेक्नीशियन अप्रेंटिस को ₹ 8000/- प्रति माह देय होगा ।

**स्वास्थ्य:** आवेदक का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए । चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण से पूर्व दिए गए प्रारूप पर सक्षम चिकित्साधिकारी द्वारा प्रमाणित चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा । अभ्यर्थियों की प्रशिक्षण हेतु नियुक्ति अप्रेंटिस एक्ट 1961 व समय-समय पर हुए संशोधन द्वारा निर्धारित स्वास्थ्य मानकों पर खरा उतरने पर निर्भर करती है ।

**आरक्षण:**

1. अनु. जाति / जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों का चयन अप्रेंटिस एक्ट के अनुसार उत्तराखण्ड राज्य के लिए निर्धारित प्रतिशत के अनुसार होगा । अन्य पिछडा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर), ईडब्ल्यूएस (EWS) एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण नियमानुसार दिया जाएगा ।
2. अन्य पिछडा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) के अभ्यर्थियों का दिनांक 01.04.2021 से पुराना जाति प्रमाण पत्र (OBC Certificate) या जिस जाति प्रमाण पत्र की वैधता समाप्त हो चुकी है, मान्य नहीं होगा । **जाति प्रमाण पत्र (OBC Certificate) भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में ही होना अनिवार्य है (जिसका प्रारूप हमारे वेबसाइट पर उपलब्ध है) अन्यथा यह स्वीकार्य नहीं होगा ।**
3. ईडब्ल्यूएस (EWS) वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए जारी ईडब्ल्यूएस (EWS) प्रमाण पत्र ही मान्य होगा ।
4. बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक) के आश्रितों के लिए आरक्षण कंपनी के नियमानुसार किया जाएगा ।
5. चयन प्रक्रिया में उत्तराखण्ड राज्य के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दिया जाएगा जिसके लिए उत्तराखण्ड का मूल निवास प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है ।

**चयन प्रक्रिया:** प्रशिक्षण के लिए अभ्यर्थियों का चयन योग्य उम्मीदवारों द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार वरीयता सूची (Merit List) के अनुसार किया जाएगा । यदि किसी संकाय (branch) में योग्य उम्मीदवारों की संख्या रिक्तियों की संख्या से कम या बराबर होती है तो सभी योग्य उम्मीदवारों को सीधे तौर पर प्रशिक्षण के लिए बुलाया जाएगा ।

लिखित परीक्षा में प्राप्त अंक समान होने की दशा में ग्रेजुएशन (बी.ई./बी.टेक.) / डिप्लोमा में अधिक प्रतिशत प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को पहली वरीयता और उसके बाद उम्र में वरिष्ठ अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी ।

***नोट :*** *आमंत्रित अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता / महंगाई भत्ता देय नहीं होगा ।*

**महत्त्वपूर्ण निर्देश**

- प्रशिक्षण अवधि बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग (BOAT) कानपुर द्वारा दिये गये निर्देशानुसार एक वर्ष की होगी ।
- सभी अभ्यर्थियों का MHRDNATS पोर्टल **(https://portal.mhrdnats.gov.in)** पर पंजीकरण होना अनिवार्य है ।
- बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक) के आश्रितों के लिए ग्रेजुशन/डिप्लोमा हेतु निर्धारित न्यूनतम अंक प्रतिशत में कोई प्रतिबंध नहीं होगा तथा वे केवल उत्तीर्ण होने की दशा में भी आवेदन कर सकते हैं ।
- वे अभ्यर्थी जिन्होने ग्रेजुएशन (B.Tech. / B.E.) या डिप्लोमा (Diploma) व्यक्तिगत अभ्यर्थी (as a private candidate) के रूप में किया है, वे उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु आवेदन करने के पात्र नहीं हैं ।
- वे अभ्यर्थी जिन्हें ग्रेजुएशन (B.Tech. / B.E.) या डिप्लोमा (Diploma) का परीक्षाफल / अंकपत्र बोर्ड द्वारा प्राप्त नहीं हुआ है, आवेदन करने के पात्र नहीं हैं ।
- अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपना ऑनलाइन आवेदन के पश्चात प्राप्त पावती संख्या (Acknowledgement No.) भविष्य हेतु याद रखें ।

**आवेदन करने की प्रक्रिया:**

**चरण – 1:** अभ्यर्थियों को MHRDNATS पोर्टल **(https://portal.mhrdnats.gov.in)** पर पंजीकरण करना तथा अपनी प्रोफाइल पूर्ण करना अनिवार्य है । पंजीकरण के पश्चात उक्त पोर्टल द्वारा प्राप्त पंजीकरण संख्या / Enrolment No., बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के लिए आवेदन करते समय अनिवार्य रूप से अंकित करना होगा ।

**चरण – 2:** MHRDNATS पोर्टल में पंजीकृत अभ्यर्थी उपर्युक्त प्रशिक्षण के लिये बी.एच.ई.एल. हरिद्वार की भर्ती वेबसाइट **https://hwr.bhel.com/recruitment** के लिंक **"Engagement of Graduate & Diploma Apprenticeship for February' 2023, Batch"** के अन्तर्गत उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र (APPLY ONLINE) भर सकते हैं । आवेदन पत्र भरने, जमा करने तथा चयन से संबंधित सभी जानकारी के लिए कृपया दिये गये दिशा निर्देशों का अनुपालन करें ।

- अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन पत्र में अपना पूर्ण विवरण जैसे नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, जाति, हाई स्कूल एवं ग्रेजुएशन / डिप्लोमा अंक इत्यादि बिल्कुल सही भरें क्योंकि चयन हेतु भरे गए विवरण को आधार माना जाएगा । यदि कोई अभ्यर्थी भरने में कोई गलती करता है तो इसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की ही होगी ।



प्रकाश

- ❖ ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र पार्ट 1 में अपना सभी विवरण भरने के पश्चात पार्ट 2 में, नीचे दिये गये सामान्य निर्देश में बिंदु संख्या 2 पर उल्लेखित अन्य दस्तावेजों को निर्धारित प्रारूप व साइज में अपलोड करना अनिवार्य होगा ।
- ❖ आवेदन से संबंधित किसी भी पूछताछ के लिये कार्यदिवस तथा कार्यावधि के दौरान दूरभाष संख्या 01334-28-5835 पर संपर्क किया जा सकता है ।
- ❖ बी.एच.ई.एल. हरिद्वार कैरियर वेबसाईट से ऑनलाइन आवेदन पत्र को पूर्णतया भरने के उपरांत ऑनलाइन प्राप्त पावती पत्र (Acknowledgement Slip) का प्रिंट (print) लेकर **सामान्य निर्देश में बिंदु संख्या 3 पर उल्लेखित अन्य दस्तावेजों के साथ** लिफाफे में डाल कर एवं उसके ऊपर ग्रेजुएट अप्रेंटिसशिप के लिए **" ग्रेजुएट अप्रेंटिस प्रशिक्षण फरवरी 2023 बैच हेतु आवेदन पत्र"** तथा टेक्नीशियन अप्रेंटिसशिप के लिए **"टेक्नीशियन अप्रेंटिस प्रशिक्षण फरवरी 2023 बैच हेतु आवेदन पत्र"** लिख कर **दिनांक 12.01.2023 तक** निम्नलिखित पते पर व्यक्तिगत रूप से/डाक द्वारा जमा करना होगा । **अंतिम तिथि के उपरांत किसी भी माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र अस्वीकार्य होंगे ।**

**कार्यपालक (मा. सं.- भर्ती ), कक्ष सं. 29, भूतल,**
**मानव संसाधन विभाग, मुख्य प्रशासनिक भवन,**
**बी.एच.ई.एल., हीप, रानीपुर, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) -249403**

- ❖ वेबसाईट https://hwr.bhel.com/recruitment पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र को पूर्णतया भरे बिना, फोटो या उपरोक्त दर्शाये गये दस्तावेजों को अपलोड किए बिना या पावती पत्र (Acknowledgement Slip) आवश्यक दस्तावेजों के साथ नहीं जमा करने पर आवेदन अस्वीकार्य होंगे । इस संबंध में बिना भरे अथवा अधूरे आवेदन पत्र मान्य नहीं होंगे ।
- ❖ लिखित परीक्षा के लिए shortlisted नहीं होनेवाले अभ्यर्थियों से किसी प्रकार का कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा ।

<u>सामान्य निर्देश</u>

1. अभ्यर्थी सुनिश्चित कर लें कि वे उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु निर्धारित अनिवार्य अर्हता पूर्ण करते हैं तथा उनके द्वारा आवेदन मे दी गई सभी जानकारी पूर्ण रूप से सत्य है । यदि चयन के किसी भी चरण में या चयन के उपरांत यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी अर्हताओं को पूर्ण नहीं करता है एवं आवेदक द्वारा प्रस्तुत किए गए तथ्य एवं संलग्न दस्तावेज सत्य एवं सही नहीं है, तो इसके लिए आवेदक स्वंय जिम्मेदार होंगे तथा आवेदक की उम्मीदवारी/प्रशिक्षण किसी भी समय, बिना किसी कारण बताए, निरस्त की जा सकती है ।
2. **अभ्यर्थियों को निम्नलिखित दस्तावेज अनिवार्य रूप से ऑनलाइन आवेदन के पार्ट 2 में संलग्न करना होगा अन्यथा उनका आवेदन incomplete माना जाएगा :**

   (क) नवीनतम पासपोर्ट साइज रंगीन फ़ोटो (.jpg या .jpeg प्रारूप में 30 kb तक का) ।

   **बाकी अन्य निम्नलिखित दस्तावेज क्रम संख्या (ख) से (छ) तक 500 kb तक का .pdf प्रारूप में होना चाहिए:**

   (ख) हाई स्कूल प्रमाणपत्र ।

   (ग) अंतिम रूप से प्राप्त ग्रेजुएशन (B.Tech./B.E.) / डिप्लोमा (Diploma) अंकतालिका या सभी सेमेस्टर की अंकतालिकाओं को एक साथ स्कैन करते हुए ।

   (घ) आधार कार्ड ।

   (ङ) जाति प्रमाण पत्र / ईडब्ल्यूएस (EWS) प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो) ।

   (च) दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो) ।

   (छ) उत्तराखण्ड के निवासियों के लिए उत्तराखण्ड का मूल निवास प्रमाण पत्र (Domicile Certificate) [बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक) के आश्रितों के लिए अनिवार्य नहीं है ]
3. **ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात सभी अभ्यर्थियों को अपने निम्न दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति (self-attested) पावती पत्र (Acknowledgement Slip) के साथ संलग्न करके दिनांक 12.01.2023 तक व्यक्तिगत रूप से / डाक द्वारा जमा करना अनिवार्य होगा:**

   (क) MHRDNATS पोर्टल पर पंजीकरण उपरांत प्राप्त MHRD ENROLMENT NO. संबंधी साक्ष्य (प्रोफाइल की प्रति) ।

   (ख) हाईस्कूल प्रमाण पत्र ।

   (ग) अंतिम रूप से प्राप्त ग्रेजुएशन (B.Tech./B.E.) / डिप्लोमा अंकपत्र या सभी सेमेस्टर की अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र (यदि किसी आवेदक के ग्रेजुएशन (B.Tech./B.E.) / डिप्लोमा अंकपत्र में CGPA/OGPA/DGPA/CPI अंक दर्शाया गया हो तो % अंक में परिवर्तित करने का फॉर्मुला सम्बंधी साक्ष्य प्रति लगाना अनिवार्य है) ।

प्रकाश

(घ) उत्तराखण्ड के निवासियों के लिए उत्तराखण्ड का मूल निवास प्रमाण पत्र (Domicile Certificate) [बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक) के आश्रितों के लिए अनिवार्य नहीं है] ।

(ङ) जाति प्रमाण पत्र / ईडब्ल्यूएस (EWS) प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो) ।

(च) दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो) ।

(छ) आधार कार्ड ।

(ज) पूर्णतया भरा हुआ "Form for Employee Ward" **[केवल बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक) के आश्रितों के लिए लागू ]**

4. अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदनों की scrutiny के पश्चात योग्य अभ्यर्थियों के लिए लिखित परीक्षा फरवरी 2023 में कराया जाना निर्धारित है । लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों की प्रशिक्षण के लिए नियुक्ति, फरवरी / मार्च 2023 में सम्पन्न की जाएगी । अभ्यर्थियों के चयन संबंधी सभी जानकारी बी.एच.ई.एल. हरिद्वार कैरियर वेबसाइट **https://hwr.bhel.com/recruitment पर उपलब्ध रहेगी** ।

   अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे लिखित परीक्षा के लिए योग्य उम्मीदवारों की सूची तथा चयन सम्बंधी अन्य जानकारी के लिए **नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहें** । लिखित परीक्षा हेतु रिपोर्टिंग के समय अभ्यर्थियों को उपरोक्त वेबसाइट से प्रवेश पत्र (Call Letter) डाउनलोड कर इसपर नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो चिपकाते हुए तथा प्रवेश पत्र में अंकित निर्देशों का अनुसरण करते हुए उपस्थित होना होगा ।

5. प्रबंधन के पास बिना कोई कारण दिए चयन प्रक्रिया के संशोधन / पुनर्निधारण / निरस्त / निलंबन करने का अधिकार है । प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा ।

6. इस परिपत्र के फलस्वरूप अथवा परिपत्र के संदर्भ में आवेदन के फलस्वरूप उत्पन्न किसी दावे या विवाद के लिए प्रार्थना पत्र देने की प्रक्रिया केवल हरिद्वार में शुरू की जा सकती है तथा न्यायालय / ट्रिब्युनल / फोरम हरिद्वार के पास इस संबंध में कारण / विवाद की जाँच करने का एकल तथा विशेष न्यायाधिकार होगा ।

7. चयनित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों से किसी भी प्रकार का पत्राचार नहीं किया जायेगा ।

8. चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण अवधि में अपने रहने, खाने एवं ठहरने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी ।

9. अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अप्रेंटिस प्रशिक्षण की अवधि केवल एक वर्ष की होगी । बी.एच.ई.एल. हरिद्वार में प्रशिक्षण के उपरान्त अभ्यर्थियों का इस प्रशिक्षण को आधार मानकर बी.एच.ई.एल. में किसी प्रकार के रोजगार की दावेदारी का कोई अधिकार नहीं होगा ।

10. **कोई भी शुद्धि / परिवर्तन / अपडेट केवल हमारी वेबसाइट https://hwr.bhel.com/recruitment पर उपलब्ध होगा । अलग से कोई सूचना किसी भी समाचार पत्र या किसी अन्य माध्यम से नही दी जायेगी ।**

11. किसी भी प्रकार की सिफारिश या बाहरी दबाव, अभ्यर्थी के चयन के लिए अयोग्यता मानी जायेगी ।

**महत्त्वपूर्ण तिथियाँ:**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | ऑन लाईन आवेदन पत्र भरने हेतु आरंभिक तिथि: | --- 23.12.2022 |
| (ख) | ऑन लाईन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि: | --- 05.01.2023 |
| (ग) | पावती पत्र (Acknowledgement Slip) तथा अन्य दस्तावेजों की छायाप्रति जमा करने की अंतिम तिथि: | --- 12.01.2023 |

प्रकाश
23.12.2022
**उप महा प्रबंधक (मा.सं.)**

**प्रतिलिपि :**

**1. अपर महाप्रबंधक (मा.सं. एवं न.प्र., चिकित्सा, संचार व जनसम्पर्क) – सादर सूचनार्थ ।**

**2. सभी विभागाध्यक्ष – सादर सूचनार्थ ।**

**3. कार्यपालक निदेशक (हीप व सीएफएफपी) के स्टाफ अधिकारी – कार्यपालक निदेशक के सादर सूचनार्थ ।**